
DSSSB PRT, TGT & PGT
Part(A+B)
SCHOLAR BATCH
हिन्दी
विराम चिह्न
LIVE 16-04-2024 09:00 AM

# विराम चिह्न

**परिभाषा** - विराम का अर्थ रुकना या ठहराव होता है।

"व्यक्ति अपने मन के भावों या विचारों को व्यक्त करते समय जब कभी-कभी बीच में या बात खत्म होने पर रुकता है। तब रुकावट या विराम के स्थानों को जिन चिह्नों द्वारा व्यक्त किया जाता है उन्हे विराम चिह्न कहते है।"

श्री कामता प्रसाद गुरु के अनुसार विराम चिह्नों की संख्या 20 होती है

श्री कामता प्रसाद गुरु ने विराम चिह्नों को अंग्रेजी से लिया हुआ मानते है। वे पूर्ण विराम को छोड़कर शेष सभी विराम चिह्नों का अंग्रेजी से सम्बन्ध बताते है।

1- अल्पविराम (,) ⇒ जहाँ थोड़ी देर रुकना हो वहाँ अल्पविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

अथवा

एक से अधिक वस्तुओं को दर्शाने के लिए अल्पविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा॰ ब्रह्मा, विष्णु और महेश भगवान के रूप में पूजे जाते है।

अमित मेले से जलेबी, इमरती, रसमलाई और खिलौने लाया।

मैंने शहर में झरनें, पर्वत, नदी और ईमारतें देखी।

मोहन, रमन, गीता और सुनीता घूमने गए।

2- अर्द्धविराम चिह्न ( ; ) ⇒ जब किसी वाक्य को कहते हुए बीच में हल्का-सा विराम लेना हो पर वाक्य को समाप्त न किया जाए। तो वहाँ अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

मिश्रित वाक्य तथा संयुक्त वाक्य में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा॰ रमेश अपने बच्चों के लिए दिल्ली से कपड़े ; आगरा से पेठा ; इन्दौर से नमकीन और लखनऊ से मिठाई लाया।

राजन बहुत अच्छा लड़का है ; लेकिन उसकी संगत ठीक नहीं है।

तुम्हारे दबाव से एक व्यक्ति भी नहीं टूट सकता ; क्योंकि तुम्हारा पक्ष असत्य पर टिका है।

3. पूर्ण विराम चिह्न (।) ⇒ जब हम वाक्य की समाप्ति पर रुकते हैं तब पूर्ण विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा॰ अमन स्कूल से आ गया।

नौकर ने घर का सारा काम कर लिया।

प्रदीप जी ने बोतल से पानी पी लिया।

④- प्रश्नवाचक चिह्न (?) ⇒ जब वाक्य में कब, क्यों, कैसे, किसे इत्यादि शब्दों द्वारा प्रश्न पूछे जाने का बोध हो उसे प्रश्नवाचक चिह्न कहते हैं।

उदा० रमन आगरा कब जायेगा ?

तुम क्या करते हो ?

तुम्हें किसने मारा ?

वह क्यों नही आया ?

उनके यहाँ सब कैसे हैं ?

(5)- विस्मयवाचक चिह्न (!) ⇒ विस्मयवाचक चिह्न का प्रयोग हर्ष, शोक, आश्चर्य घृणा आदि भावों को व्यक्त करने वाले शब्दों के साथ किया जाता है।

उदा० छि! छि! बहुत गन्दगी है।

वाह! हम मैच जीत गए।

हाय! मैं गरीब मारा गया।

अरे! तुम पास हो गए।

⑥- निर्देशक चिह्न (—) ⇒ जब किसी व्यक्ति द्वारा कहे गये कथन को व्यक्त या विस्तृत करना हो या किसी रचना के बाद उसके लेखक को लिखना हो तब निर्देशक चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा॰ गाँधी जी ने कहा — करो या मरो ।

सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला — मतवाला, जूही की कली

सुभाष-चन्द्र बोस ने कहा — तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ।